हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

11 लावारिस कुत्ते व बंदर बने लोगों के लिए आफत

12 प्लास्टिक छोड़िए, कपड़े के बैग लेकर बाजार जाइये


## खबर संक्षेप

### अवैध भ्रूण लिंग जांच गिरोह मामले में स्वास्थ्य कर्मचारी निलंबित

**झज्जर।** सिविल सर्जन डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि मई में स्वास्थ्य विभाग द्वारा हरियाणा व यूपी में सक्रिय एक अंतरराज्यीय अवैध भ्रूण लिंग जांच गिरोह का भंडाफोड़ किया गया था। इस मामले में एमपीएचडब्ल्यू गौरव की कथित संलिप्तता सामने आने पर विभागीय कार्रवाई करते हुए उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भ्रूण लिंग जांच एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। स्वास्थ्य विभाग अवैध भ्रूण लिंग जांच करने या करवाने वालों के साथ-साथ इस अपराध में सहयोग करने वाले एजेंटों, बिचौलियों, सुविधा उपलब्ध कराने वालों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध भी सख्त कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई करेगा।

### दुष्कर्म के बाद हथियार दिखाकर धमकी दी

**बहादुरगढ़।** सदर पुलिस थाने के अधीन लगते एक गांव में महिला के साथ अनैतिक कार्य का मामला सामने आया है। महिला विवाहिता है और उसका आरोप है कि गांव के ही एक युवक ने उसके साथ जबरदस्ती की। हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और फायर भी किया। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। आरोपों की सत्यता जांच का विषय है। हालांकि पुलिस ने अभी वारदात की पुष्टि नहीं की है।

### हत्यारोपी भाई की तलाश में जुटी पुलिस

**बहादुरगढ़।** छोटे भाई को मौत के घाट उतारने वाले आरोपी की तलाश में लाइनपार थाना पुलिस भागदौड़ कर रही है। शुक्रवार दोपहर तक आरोपी का कुछ सुराग नहीं लग पाया था। हालांकि पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात सुलझाने की बात कही जा रही है। दरअसल, उत्तर प्रदेश मूल का 28 वर्षीय श्रीकांत यहां छोटूराम नगर में अपने भाई अरुण के साथ रहता था। बुधवार की रात को दोनों में किसी बात पर विवाद हुआ। मारपीट के दौरान श्रीकांत को गंभीर चोट आई और उसकी जान चली गई। वारदात के बाद आरोपी अरुण ने खुद ही अपनी बहन को फोन कर छोटे भाई को मारने की बात कही और चंपत हो गया।

### आसमान में बादल छाए रहे, नहीं हुई बरसात

**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को इलाके में आसमान में बादल छाए जरूर लेकिन बारिश नहीं हुई। वीरवार की अपेक्षा 3 डिग्री तापमान भी अधिक रहा। दरअसल, वीरवार की सुबह हुई बरसात ने कई दिन से पड़ रही गर्मी से राहत दिलाई थी। शुक्रवार को भी बरसात की संभावना थी। हालांकि सुबह से लेकर शाम तक बीच-बीच में बादल भी छाए, लेकिन बरसात नहीं हुई। आगामी एक, दो दिन तक इसी तरह का मौसम बने रहने की संभावना है।

## एचटेट आज से : जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर तीन सत्र में 8649 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

# एचटेट परीक्षार्थियों को समस्या होने पर परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में मदद करेगी डायल-112

**01251-253711 पर सहायता और जानकारी मांग सकते हैं अभ्यर्थी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिले में शनिवार व रविवार को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**लेवल-3 की परीक्षा आज दोपहर 3 से 5:30 बजे तक होगी, 2480 लेंगे भाग**

डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि यदि किसी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है, जैसे परिवहन की दिक्कत, मार्ग संबंधी परेशानी, वाहन उपलब्ध न होना अथवा किसी अन्य आपात स्थिति का सामना करना पड़ता है तो वह तत्काल डायल-112 सेवा पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकता है। डायल-112 की टीम परीक्षार्थियों की सहायता के लिए पूरी तरह सक्रिय रहेगी और जरूरत पड़ने पर उन्हें परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने में भी सहयोग करेगी। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन द्वारा कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष नंबर 01251-253711 भी सहायता एवं जानकारी के लिए उपलब्ध रहेगा।


बहादुरगढ़। परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी और कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं डीसी वर्षा खांगवाल।

### बिजली-पानी की सुविधा के दिए निर्देश

डीसी ने बताया कि जिले में एचटेट परीक्षा के लिए कुल 14 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें 11 केंद्र झज्जर और 3 केंद्र बहादुरगढ़ में बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर कुल 8,649 परीक्षार्थियों के परीक्षा में शामिल होने की संभावना है। सभी केंद्रों पर फर्स्ट एड की व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय तथा पार्किंग जैसी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अतिरिक्त बसों का हो संचालन

डीसी ने बताया कि रोडवेज महाप्रबंधक को परीक्षार्थियों की सुविधा के मद्देनजर आवश्यकतानुसार विभिन्न रूटों पर अतिरिक्त बसों का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आरटीए सचिव को परीक्षा केंद्रों तक सुगम आवागमन के लिए आवश्यक प्रबंध करने को कहा गया है।

### कल दो सत्रों में होगी परीक्षा

डीसी ने बताया कि शनिवार को सायंकालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं रविवार को प्रातःकालीन सत्र में लेवल-2 की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा सायंकालीन सत्र में लेवल-1 की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि लेवल-3 परीक्षा में 2,480, लेवल-2 परीक्षा में 4,352 तथा लेवल-1 परीक्षा में 1,817 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

### कैमरों से होगी निगरानी

डीसी ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी, बायोमैट्रिक सत्यापन प्रणाली तथा वीडियोग्राफी सहित सभी तकनीकी व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं। इसके साथ ही परीक्षा अवधि के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात को सुचारु रखने के लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से भी अपील की है कि वे तय निर्देशों का पालन करते हुए प्रशासन का सहयोग करें।

### डीसी ने एचटेट परीक्षा केंद्रों पर तैयारियों का लिया जायजा

**बहादुरगढ़।** शनिवार व रविवार को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीसी वर्षा खांगवाल ने शुक्रवार को बहादुरगढ़ शहर में बने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी, पेयजल, कंट्रोल रूम, बिजली, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला उपायुक्त ने कहा कि एचटेट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि एचटेट परीक्षा के लिए बहादुरगढ़ में 3 केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। निरीक्षण के दौरान डीसीपी मयंक मिश्रा, एसडीएम अभिनव सिवाच, एसीपी सुरेंद्र सिंह, डीईईओ राजबाला मलिक, निपुण के जिला संयोजक डॉ. सुदर्शन पूनिया आदि मौजूद रहे।

### 200 पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात


डॉ. राजश्री सिंह, पुलिस कमिश्नर झज्जर।

- परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनधिकृत वाहनों पर रहेगी रोक

**झज्जर।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी के लिए दो डीसीपी व तीन एसीपी सहित करीब 200 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है। परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ-साथ एसीपी स्तर के अधिकारियों की भी नियुक्ति की गई है ताकि परीक्षा पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न हो सके। परीक्षा शुरू होने से पहले ही पुलिस द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों के आसपास विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में अनधिकृत वाहनों एवं अनावश्यक भीड़ को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों, चौकी प्रभारियों, पीसीआर, राइडर तथा डायल-112 की टीमों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में लगातार गश्त एवं निगरानी बनाए रखें तथा परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों की सहायता के लिए पूरी तरह तत्पर रहें।

## मोबाइल चुराकर यूपीआई से निकाले 2.53 लाख रुपये



**झज्जर ( हरिभूमि न्यूज )।** पुलिस की एक टीम द्वारा मोबाइल चोरी व ऑनलाइन धोखाधड़ी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना माछरौली प्रभारी उप निरीक्षक राम अवतार ने बताया कि अव्वाज खान निवासी मुरादाबाद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कंपनी में कार्य करता था। उसके साथ काम करने वाले तालीम निवासी गांव पाडला जिला भरतपुर ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। बाद में आरोपी ने मोबाइल में मौजूद यूपीआई सुविधा का दुरुपयोग कर बैंक खाते से करीब 2.53 लाख रुपये की राशि निकाल ली।

मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को पूछताछ के लिए दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने वारदात करना स्वीकार किया तथा उसकी निशानदेही पर चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस रिमांड अवधि समाप्त होने के बाद आरोपी को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## परिवार घूमने गया, चोर मकान से लाखों के जेवर व 1.85 लाख रुपये चुरा ले गए


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

इलाके में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। अब यहां मांडोठी बाजार में स्थित एक बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाया। छत के रास्ते लोहे का दरवाजा उखाड़कर चोर मकान में घुसे और नकदी सहित लाखों के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात हिमांशु गोयल के मकान में हुई है। दरअसल, हिमांशु अपने परिवार सहित 21 जून को घूमने के लिए गए थे। पीछे से मकान बंद था और ताला लगाया गया था। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान को निशाना बना लिया।

वीरवार 2 जुलाई को हिमांशु वापस लौटे। जैसे ही उन्होंने मुख्य गेट का ताला खोला देखा तो अंदर का मंजर देखकर दंग रह गए। अंदर कमरों में सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ था। बेड व अलमारियां खंगाली गई थी। इतना ही नहीं, प्रथम तल पर रह रहे किरायेदार का सामान भी खंगाला गया था। बकौल, हिमांशु उनके कमरे से 1 लाख 85 हजार की नकदी, 1 सोने की अंगूठी, 2 चेन, गले का सेट गायब मिले। जबकि किरायेदार अभी गांव गया हुआ है। अपने नुकसान की पुष्टि किरायेदार खुद कर सकेगा। उधर, सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। चोर छत के रास्ते से मकान में दाखिल हुए। सीढ़ियों में लगा लोहे का दरवाजा उतारा और फिर मकान के अंदर लगे कमरों की कुंडियां उखाड़ दी। पीड़ित परिवार ने जल्द से जल्द वारदात सुलझाने की मांग उठाई है।


बहादुरगढ़। वारदात के बाद कमरे में बिखरा पड़ा सामान।

### दुकान से लैपटॉप व नकदी चोरी



**झज्जर।** शहर के छावनी गेट के नजदीक एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। सुबह करीब सात बजे जब दुकान संचालक दुकान खोलने पहुंचा तो उसको दुकान के शटर की कुंडी टूटी पाई। पीड़ित दुकानदार राजू ने बताया कि वीरवार रात को करीब दस बजे तक दुकान पर था जिसके बाद वह घर चला गया। सुबह जब आया तो चोरी का पता चला। उसकी दुकान से एक लैपटॉप, करीब पन्द्रह हजार रुपये नकदी व सिगरेट के पैकेट चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान के साथ ही एक घर भी है। चोरों ने अपनी सुरक्षा के लिए उसके गेट पर एक लोहे का सरिया फंसा कर उसे भी बंद कर रखा था ताकि कोई व्यक्ति बाहर न निकल सके।

## अनियंत्रित गाड़ी ने खेत में घुसकर दो को कुचला, एक की मौत

**झज्जर ( हरिभूमि न्यूज )।** क्षेत्र के गांव याकूबपुर के नजदीक अनियंत्रित गाड़ी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान जिले के गांव बामडौला निवासी करीब 27 वर्षीय साहिल पुत्र आनंद के तौर पर हुई है।

जानकारी के अनुसार साहिल द्वारा याकूबपुर से डूमा गांव जाने वाले मार्ग पर खेत बटाई ले रखा है जिसमें वह अपने दोस्त मुनीमपुर निवासी प्रवीण पुत्र सुरेश के साथ बाजरे की फसल की बुआई कर रहा था। ऐसे में साहिल और प्रवीण जब थोड़ा सुस्ताने के लिए खेत में बैठे थे तो एक तेज गति से आ रही अनियंत्रित कार खेत में आ घुसी और उन्हें टक्कर मार दी। इसके बाद दोनों को उपचार के लिए फारुखनगर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने साहिल को मृत घोषित कर दिया जबकि प्रवीण अभी अस्पताल में उपचाराधीन है। मामले के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि प्रवीण की शिकायत पर आरोपी गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में प्रवीण ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे डूमा गांव की तरफ से तेज गति से आ रही गाड़ी ने उन्हें सीधी टक्कर मार दी।

**जकार्ता में 16 जुलाई तक होने वाली प्रतियोगिता में जिले के मुक्केबाज दिखाएंगे दम**

## एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में दयानंद स्टेडियम के सात खिलाड़ियों का चयन

- हरियाणा मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु व महासचिव ओमबीर हुड्डा ने खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम के सात मुक्केबाजों का चयन भारतीय टीम में हुआ है। यह उपलब्धि जिले व प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि चयनित खिलाड़ी इंडोनेशिया के जकार्ता में 3 से 16 जुलाई तक आयोजित होने वाली अंडर-19 व अंडर-23 आयु वर्ग की एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उन्होंने बताया कि अंडर-19 वर्ग में चयनित खिलाड़ियों में प्राची चाहर 57 किलोग्राम भार वर्ग, मौसम सुहाग 65 किलोग्राम भार वर्ग, सागर 85 किलोग्राम भार वर्ग में अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। अंडर-23 आयु वर्ग में प्राची धनखड़ 57 किलोग्राम भार वर्ग, सागर जाखड़ 60 किलोग्राम भार वर्ग, हितेश गुलिया 70 किलोग्राम भार वर्ग तथा हेमंत सांगवान 90 किलोग्राम भार वर्ग के लिए चयनित हुए हैं। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी एशियन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर भारत के लिए पदक जीतकर देश, प्रदेश व जिले का नाम रोशन करेंगे। गौरतलब है कि स्टेडियम के कई खिलाड़ियों ने देश-विदेश में पदक जीतकर जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है।

खिलाड़ियों के चयन पर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह और महासचिव प्रमोद कुमार, हरियाणा मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु, महासचिव ओमबीर हुड्डा ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में चयनित खिलाड़ी।

**स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए चौथी बार संशोधित कार्यक्रम किया जारी**

## अब पहली फाइनल मेरिट सूची 22 व दूसरी सूची 29 जुलाई को आएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्नातक प्रथम वर्ष के लिए चौथी बार संशोधित दाखिला कार्यक्रम जारी किया है। अब पूरा जुलाई माह दाखिलों में निकल जाएगा। आम तौर पर जुलाई के द्वितीय सप्ताह से नए सत्र की कक्षाएं आरंभ हो जाती थीं। अब तक रजिस्ट्रेशन से वंचित रहे विद्यार्थी कॉलेजों में स्नातक प्रथम वर्ष के विभिन्न संकायों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन आवेदन 12 जुलाई तक कर सकते हैं। अभी काफी कॉलेजों में सीटें भी रिक्त हैं।

### आवेदन में त्रुटि की 14 को आएगी लिस्ट



राजकीय महिला महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. अलका गुलाटी ने बताया कि स्नातक प्रथम वर्ष के विभिन्न संकायों में दाखिलों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 7 मई को शुरू हुए थे और 12 जुलाई तक जारी रहेंगे। आवेदन पत्रों में कोई त्रुटि है तो 13 जुलाई तक ऑनलाइन सुधार करा सकेंगे। फिर 14 जुलाई को उन विद्यार्थियों की सूची जारी होगी, जिनकी आवेदन के दौरान कोई त्रुटि रह गई है। ऑनलाइन डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 18 जुलाई तक किया जा सकेगा। मेरिट सूची बनाने से पहले सुधार के बाद आवेदन करने वाले सभी पात्र विद्यार्थियों की सूची 20 जुलाई को जारी होगी। प्रथम संभावित मेरिट सूची 21 जुलाई को जारी होगी। पहली फाइनल मेरिट सूची 22 जुलाई को आएगी। प्रथम मेरिट सूची में शामिल विद्यार्थियों की फीस जमा और काउंसलिंग 23 जुलाई से 27 जुलाई तक होगी।

### बची सीटों पर काउंसलिंग 4 अगस्त से



वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय की प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि संभावित द्वितीय मेरिट सूची 28 जुलाई को जारी होगी। द्वितीय फाइनल मेरिट सूची 29 जुलाई को जारी होगी। द्वितीय मेरिट सूची के विद्यार्थियों द्वारा फीस जमा कराने के साथ काउंसलिंग 30 जुलाई से 3 अगस्त तक होगी। इसके बाद भी बची हुई सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग 4 अगस्त से शुरू होगी। आवेदन करने से वंचित रहे विद्यार्थियों के लिए एडमिशन पोर्टल 5 अगस्त को खोला जाएगा। आवेदन कर चुके विद्यार्थियों को कॉलेजों में रिक्त सीटों पर 100 रुपये विलंब शुल्क के साथ 6 अगस्त से 12 अगस्त तक दाखिला मिलेगा। इसके उपरांत 13 से 19 अगस्त तक 100 रुपये प्रतिदिन विलंब शुल्क के हिसाब से बची हुई सीटों पर विद्यार्थी दाखिला ले सकेंगे।

### 13 तक कर सकते हैं ऑनलाइन संशोधन



**झज्जर।** उच्चतर शिक्षा विभाग ने विभिन्न कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं के दाखिलों के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 12 जुलाई करने के बाद अब मेरिट लिस्ट जारी करने और फीस भरने का शेड्यूल जारी कर दिया है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के जनसंचार विभागाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि यदि विद्यार्थी अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो अब 13 जुलाई तक कर सकते हैं। दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन 18 जुलाई तक होगी। ऑनलाइन वेरिफिकेशन के लिए कॉलेज में जाने की जरूरत नहीं है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन करना होगा।

## ऑटो पलटने से सवारी की मौत, चालक पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली मार्ग पर एचएनजी गेट के पास अनियंत्रित होकर एक ऑटो पलट गया। हादसे में ऑटो में सवार नवयुवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। इस संबंध में ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान करीब 18 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तरप्रदेश के सीतापुर का रहने वाला था। कुछ समय से यहां परिचितों के साथ टीकरी बॉर्डर पर रह रहा था और एक जूता कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, वीरवार की देर सायं व एक ऑटो में सवार होकर कहीं जा रहा था। जब ऑटो यहां रोहतक रोड पर एचएनजी गेट के निकट पहुंचा तो अनियंत्रित होकर पलट गया। ऑटो में सचिन, ड्राइवर व एक अन्य युवक सवार था। सचिन ऑटो के नीचे दब गया और उसे गंभीर चोट आई। उसे अस्पताल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत की पुष्टि की गई। सूचना पाकर सिटी थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। हादसे के लिए ऑटो चालक को जिम्मेदार ठहराया गया है। आरोप है कि वह लापरवाहीपूर्वक ऑटो चला रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



# मैं 'हेरा फेरी 3 को धुरंधर से भी बड़ा बनाता : प्रियदर्शन

**नई दिल्ली।** हेराफेरी से एग्जिट लेने पर साफ-साफ बात करते हुए प्रियदर्शन ने कहा, 'फिरोज ने अक्षय से कहा था, 'तुम्हारे पास हेरा फेरी 3 बनाने के अधिकार हैं, लेकिन इसे कभी भी प्रियदर्शन के साथ मत बनाना। बस यही मेरी गुजारिश है।' उन्होंने कई बार मेरी बेइज्जती की है, उन्होंने मुझसे कहा था कि हेरा फेरी का मेरा कट किसी गरीब आदमी के वर्शन जैसा लगता था, और उन्हें मेरी पांच घंटे की फिल्म को एडिट करना पड़ा था'। उन्होंने बताया, 'शुरू में मैं अक्षय के साथ तीसरा पार्ट बनाने के लिए तैयार हो गया था, क्योंकि मुझे लगा कि मैं देश की सबसे बड़ी फ्रैंचाइजी में से एक बना सकता हूं। अगर मैंने इसे डायरेक्ट किया होता, तो मैं इसे 'धुरंधर' से भी बड़ा बना सकता था। अक्षय कुमार , सुनील शेट्टी और परेश रावल ने मुझसे 'हेरा फेरी 3' बनाने का अनुरोध किया था।

## लाइफ Style



# दिव्या

## आजकल एक रील से बन सकते हैं स्टार

दिव्या दत्ता को हाल ही में वेब सीरीज 'चिरैया' में एक ऐसी महिला का किरदार निभाने के लिए तारीफ मिली, जो अपने परिवार के खिलाफ आवाज उठाती है। हाल ही में दिव्या ने सोशल मीडिया के दौर में एक्टर्स के सामने आने वाली नई चुनौतियों, किरदार पर आधारित कहानियों पर स्टार सिस्टम के असर और दूसरी चीजों के बारे में बात की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

दिव्या का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए नई चुनौती सोशल मीडिया और इन्फ्लुएंसर कल्चर का बढ़ना है। दिव्या दत्ता ने सोशल मीडिया के दौर और नए एक्टर्स के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर कहा कि जब मौकों की बात आती है, तो मुझे लगता है कि जब मैंने शुरुआत की थी, तब हमें कहीं ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ा था, क्योंकि तब मौके और माध्यम कम थे। आजकल आप अपने लिए एक रील बना सकते हैं और अचानक स्टार बन सकते हैं। प्रोड्यूसर आप पर ध्यान देते हैं और कहते हैं, 'ठीक है, इस व्यक्ति को लेते हैं।'इस लिहाज से यह आसान हो गया है। कई इन्फ्लुएंसर्स ने अपने लिए मजबूत कॅरियर बनाया है, लेकिन इसके दूसरे पहलू भी हैं। इसका असर मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। युवा पीढ़ी अब ऐसी स्थिति में फंसी हुई है जहां सब कुछ लाइक्स, वैलिडेशन और विजिबिलिटी के इर्द-गिर्द घूमता है। इस सवाल पर कि बॉलीवुड आज भी महिलाओं के मजबूत किरदारों को दिखाने में क्यों संघर्ष करता है, एक्ट्रेस कहती हैं कि ऐसे रोल मौजूद तो हैं, लेकिन कम हैं। मेरे दिमाग में सबसे पहले 'दामिनी' फिल्म आती है, जिसमें महिलाओं का एक बहुत मजबूत किरदार था। लेकिन, और भी फिल्में हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# माउई के रूप में शानदार वापसी

**लॉस एंजिल्स।** कुछ किरदार ऐसे होते हैं जिन्हें अभिनेता निभाते हैं, और कुछ ऐसे जो अभिनेता की पहचान बन जाते हैं। दुनिया के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में शुमार, बॉक्स ऑफिस के बादशाह और करोड़ों दिलों की धड़कन ड्वेन 'द रॉक' जॉनसन के लिए माउई ऐसा ही एक किरदार है। 10 जुलाई को जब डिज्नी की लाइव-एक्शन फिल्म मोआना भारत में अंग्रेजी और हिंदी में सिनेमाघरों में रिलीज होगी, तब जॉनसन सिर्फ 2016 की सुपरहिट एनिमेटेड फिल्म के अपने लोकप्रिय किरदार में वापसी नहीं करेंगे, बल्कि पहली बार उसे पूरी तरह जीवंत रूप में बड़े पर्दे पर निभाते नजर आएंगे—अपने मशहूर टैटू, दमदार व्यक्तित्व और उसी करिश्मे के साथ।



# द ओडिसी से धमाका करने के लिए तैयार क्रिस्टोफर

**नई दिल्ली।** दिग्गज फिल्ममेकर क्रिस्टोफर नोलन फिर से अपनी मोस्ट एंटीसिपेटेड फिल्म से दुनियाभर में तहलका मचाने जा रहे हैं। ओपेनहाइमर की रिलीज के तीन साल बाद क्रिस्टोफर फैंटेसी ड्रामा 'द ओडिसी' लेकर आ रहे हैं। सिनेमाघरों में रिलीज से सिर्फ 15 दिन पहले ही 'द ओडिसी' का फाइनल ट्रेलर जारी किया गया है, जिसने आउट होते ही इंटरनेट पर धमाल मचा दिया है। फाइनल ट्रेलर 'द ओडिसी' की भव्यता को और करीब से दिखाता है। फिल्म पर करीब 2100 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 'द ओडिसी' के फाइनल ट्रेलर में डेमन के ओडिसियस और चार्लीज थेरॉन के कैलिप्सो की और झलक मिलती है। साथ ही यह भी दिखाया गया है कि कैसे ट्रोजन वॉर के बाद ओडिसियस घर अपने परिवार के पास लौटने के लिए बेताब है। इस ट्रेलर में परिवार का मोह, युद्ध और घर वापसी की बेचैनी को खूबसूरती से दिखाया गया है।



# जरूरतमंद की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी मुंबई की भारी बारिश के बावजूद मंदिर दर्शन के लिए पहुंचीं। साथ ही उन्होंने जिस तरह एक जरूरतमंद की मदद की, उसे देखकर फैंस राशा के कायल हो गए। रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने अपने कॅरियर की शुरुआत पिछले साल आजाद से की थी। इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता नहीं मिली। लेकिन, राशा के पास ऑफर्स की कमी नहीं है। अपनी फिल्मों के अलावा वह अपने व्यवहार को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह बारिश के मौसम में मुंबई के एक मंदिर में पहुंचीं। इस दौरान एक बूढ़ी महिला उनसे मदद मांगती दिखे, राशा ने भी मदद का हाथ बढ़ाया। राशा की इस दरियादिली को फैंस अब खूब सराह रहे हैं। वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि राशा मंदिर में भगवान के दर्शन करने के बाद बाहर निकलती हैं।



# तलाक के बाद नहीं ली 400 करोड़ की एलिमनी

**नई दिल्ली।** एक्टर ऋतिक रोशन और सुजैन खान का तलाक देश भर में चर्चा का विषय बना था। दोनों की शादी 15 साल से ज्यादा चली थी और उनके दो बेटे भी हैं। लेकिन उनके अलग होने और कोर्ट केस की खबरों के बीच ऐसी खबरें भी आईं कि सुजैन ने ऋतिक से एलिमनी (तलाक के बाद मिलने वाली रकम) के तौर पर 400 करोड़ की मांग की थी और बॉलीवुड में इसे अब तक का सबसे महंगा तलाक भी माना जाता है। अब उनकी बहन और ज्वेलरी डिजाइनर फराह खान अली ने इन दावों को गलत बताया है और कहा है कि सुजैन को इस तरह पैसों की जरूरत नहीं थी। फराह खान अली ने उस समय को याद किया जब ऋतिक और सुजैन ने अपने तलाक की बात सबके सामने रखी थी। उन्होंने कहा, 'हर कोई हैरान था। बहुत हंगामा हुआ था।

## टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने बदल दी मेरी जिंदगी

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने टेलीविजन जगत में सास-बहू और फैमिली ड्रामा आधारित सीरियल्स में ऐसा प्रयोग किया कि दर्शक खूब आकर्षित हुए। साल 2000 के आसपास 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'कहानी घर घर की' जैसे सीरियल्स का क्रेज जबर्दस्त था और घर-घर में देखे जाते थे। 'क्योंकि...' का दूसरा सीजन इन दिनों प्रसारित हो रहा है। इसके सफर पर एकता कपूर ने बात की। एकता कपूर का मानना है कि सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' ने उनकी जिंदगी बदल दी। प्रोड्यूसर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से शुक्रवार को एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने शो के दूसरे सीजन का नया प्रोमो पोस्ट किया है, जिसमें घर के अंदर हुए बदलावों की झलक है। पोस्ट के साथ एकता कपूर ने कैप्शन लिखा है, '26 साल पहले एक शो आया था, जिसने मेरी जिंदगी बदल दी। समीर सर, स्टार प्लस, बालाजी टीम, तनु, स्मृति और सभी एक्टर्स का शुक्रिया। और हां, सबसे ज्यादा शुक्रिया उन राइटर्स और टीम का, जो इसे ऐसा बनाने के लिए लगातार काम करते हैं। जय माता दी'। बता दें कि शो के दूसरे सीजन में नए बदलाव देखने को मिलने वाले हैं। फिलहाल तुलसी जेल में है। दो किरदारों- पार्थ और रेयांश की शो से विदाई हो चुकी है। सीरियल की कहानी 10 साल आगे बढ़ने वाली है। कमान नई पीढ़ी को सौंपी जाएगी। लंबे वक्त से सीरियल में मिहिर अनुपस्थित है। देखना दिलचस्प होगा कि दस साल आगे बढ़ने के बाद शो क्या मोड़ लेता है। तुलसी और मिहिर की क्या भूमिका होगी?

## सुनील अरसे बाद पत्नी संग दिखे

**नई दिल्ली।** एक्टर-कॉमेडियन सुनील ग्रोवर गुरुवार रात अपनी पत्नी आरती ग्रोवर के साथ नजर आए। मुंबई में बाहर निकलते समय पैपराजी ने इस कपल को देखा। सोशल मीडिया पर आए एक वीडियो में सुनील, आरती का हाथ थामे हुए चलते दिखे। पैपराजी को देखकर वे दोनों रुके और मुस्कुराते हुए कैमरों के लिए पोज दिया। वैसे सुनील न तो पत्नी के साथ ज्यादा फोटोज शेयर करते हैं और दिखते भी बहुत कम ही हैं। ऐसे में उनकी बीवी को साथ देख सभी चौंक गए और कपल की सादगी ने हर किसी का दिल लूट लिया। इस आउटिंग के लिए सुनील ग्रोवर ने सफेद टी-शर्ट के ऊपर कैजुअल ब्लैक ब्लेजर और उसके साथ ढीली-ढाली, ओवरसाइज्ड नीली कार्गो ट्राउजर पहनी थी। वहीं, आरती हल्के रंग के, वर्टिकल स्ट्राइप्स वाले फुल-स्लीव टॉप में सिंपल लुक में दिखीं। इस टॉप में आरामदायक फिट के लिए इलास्टिक वाली ड्रॉस्ट्रिंग हेम थी।



# लव एंड वॉर के लिए विक्की ने किया जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन



**मुंबई।** एक्टर विक्की कौशल संजय लीला भंसाली के साथ अपनी पहली फिल्म 'लव एंड वॉर' की रिलीज की तैयारी कर रहे हैं। दो साल से ज्यादा समय से बन रही यह फिल्म अब पूरी होने वाली है। अब ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि विक्की कौशल ने अपने किरदार के दो अलग-अलग रूप दिखाने के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उन्होंने पहले काफी वजन बढ़ाया और फिर उसे पूरी तरह घटाया। 'लव एंड वॉर' की शूटिंग शुरू करते समय किरदार में ढलने के लिए उन्होंने लगभग 12 किलो वजन बढ़ाया और फिर फिल्म के क्लाइमेक्स की शूटिंग के लिए लगभग 15 किलो वजन घटाकर जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया। अपने काम के प्रति उनका समर्पण हमेशा ही काबिले-तारीफ रहा है। यह पहली बार नहीं है जब विक्की ने किसी रोल के लिए अपना फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया हो। एक्टर ने 2025 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'छावा' में छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका के लिए भी इसी तरह का मुश्किल ट्रांसफॉर्मेशन किया था। 'लव एंड वॉर' रोमांस और एविएशन पर आधारित एक पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसमें विक्की कौशल, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। हालांकि मेकर्स ने फिल्म के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी है।

# वीकेंड पर घर बैठे देखिये ये टॉप क्राइम-थ्रिलर फिल्में

**नई दिल्ली।** वीकेंड पर हर कोई फैमिली के साथ एंजॉय करना चाहता है और फैमिली टाइम बिताना चाहता है। ऐसे में ओटीटी वीकेंड पर फैमिली टाइम का एक बेहतरीन जरिया है, जहां आप पूरे परिवार के साथ बैठकर किसी फिल्म या सीरीज का आनंद उठा सकते हैं, वो भी घर बैठे। आइए जानते हैं ओटीटी पर मौजूद टॉप-5 हिंदी क्राइम-थ्रिलर फिल्मों के बारे में, जिन्हें आप ओटीटी पर घर बैठे फैमिली के साथ भी देख सकते हैं।

### दृश्यम 2

आईएमडीबी रेटिंग के मुताबिक, अजय देवगन, तब्बू और अक्षय खन्ना स्टारर 'दृश्यम 2' हिंदी क्राइम थ्रिलर फिल्मों में टॉप पर है। इसके रेटिंग 8.4 है। फिल्म की कहानी अजय देवगन द्वारा निभाए गए किरदार विजय सलगांवकर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने परिवार को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाता है और एक लाश को छिपाता है। जिसे पुलिस ढूंढने का प्रयास कर रही है। फिल्म का निर्देशन अभिषेक पाठक ने किया है और ये फिल्म प्राइम वीडियो पर मौजूद है।



### अंधाधुंन

आयुष्मान खुराना, तब्बू और राधिका आप्टे स्टारर 'अंधाधुंन' एक शानदार क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। आईएमडीबी के मुताबिक इसकी रेटिंग 8.2 है। फिल्म की कहानी आकाश (आयुष्मान खुराना) नाम के एक ऐसे पियानोवादक की है, जो अंधा होने का नाटक करता है। एक दिन वह अनजाने में एक पूर्व अभिनेता के मर्डर और उसकी पत्नी (तब्बू) के काले कारनामों का गवाह बन जाता है, जिससे उसकी जान पर बन आती है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसका निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है।

### कहानी

सुजॉय घोष द्वारा निर्देशित 'कहानी' में विद्या बालन प्रमुख भूमिका में हैं। इस फिल्म की कहानी लंदन से कोलकाता आई एक गर्भवती महिला विद्या बागची (विद्या बालन) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने लापता पति की तलाश कर रही है। शहर में कोई उसकी मदद नहीं करता और दावा करता है कि उसके पति का कोई अस्तित्व ही नहीं है। फिल्म की आईएमडीबी रेटिंग 8.1 है और इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

### ए वेडनेसडे

नसीरुद्दीन शाह और अनुपम खेर स्टारर 'ए वेडनेसडे' एक सफल क्राइम-थ्रिलर फिल्म है। फिल्म की कहानी एक आम नागरिक और रिटायर्ड पुलिस कमिश्नर प्रकाश राठौड़ (अनुपम खेर) के इर्द-गिर्द घूमती है। जहां एक कॉमन मैन (नसीरुद्दीन शाह) सिर्फ फोन कॉल के जरिए मुंबई में बम की धमकी देता है और बदले में कुछ आतंकवादियों को छुड़वाने की बात कहता है।

## संगीत और अभिनय विरासत में मिला था, दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे

# 45 साल पहले अमित ने पापा किशोर कुमार को हराकर जीता था ये अवॉर्ड

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यह बात साल 1975 की है। बंबई के एक छोटे से म्यूजिक रूम में 23 साल का एक नौजवान बेहद घबराया हुआ खड़ा था। उसके ठीक सामने आरडी बर्मन (पंचम दा) बैठे थे और उनके बगल में मन्ना डे तथा किशोर कुमार जैसे महानायक थे। आरडी बर्मन के कहने पर उस नौजवान ने बेहद संकोच और थरथराती आवाज में एक गीत सुनाया। वह नौजवान कोई और नहीं, बल्कि किशोर कुमार के बड़े बेटे अमित कुमार थे। 3 जुलाई 1952 को कोलकाता में जन्मे अमित कुमार को संगीत और अभिनय विरासत में मिला था। उनके पिता किशोर कुमार और मां रूमा गुहा ठाकुरता (प्रसिद्ध बंगाली अभिनेत्री और 'कलकत्ता यूथ चायर' की संस्थापक) थीं। उनके परिवार का नाता फिल्म जगत की दिग्गज हस्तियों से रहा है, जिसमें उनकी सौतेली माताओं में मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर शामिल थीं, जबकि अभिनेत्री काजोल उनकी भतीजी हैं।



### 11 साल की उम्र में गाया पहला गाना

अमित कुमार का शुरुआती बचपन कोलकाता में बीता, जहां वे दुर्गा पूजा उत्सवों में गाते थे। ऐसे ही एक कार्यक्रम में महान बंगाली अभिनेता उत्तम कुमार ने उनकी प्रतिभा को सराहा। जब मां ने शिकायत की कि अमित केवल 'फिल्मी' गाने गाता है, तो किशोर कुमार उन्हें बंबई ले आए। बंबई आने से पहले ही उन्होंने अपने पिता की निर्देशित फिल्म 'दूर गगन की छांव में' (1964) में अभिनय किया था और फिल्म 'दूर का राही' (1971) के लिए 11 साल की उम्र में अपना पहला गीत 'मैं पंछी मतवाला रे' रिकॉर्ड किया था।

### इस गाने के कारण बने रातों रात स्टार

साल 1981 में रिलीज़ हुई फिल्म 'लव स्टोरी' के गाने 'याद आ रही है' ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इस सफलता का सबसे ऐतिहासिक क्षण साल 1982 के फिल्मफेयर अवार्ड्स में आया। बेस्ट मेल प्लेबैक सिंगर की श्रेणी में पिता किशोर कुमार और बेटे अमित कुमार आमने-सामने थे। किशोर कुमार की बात करें तो उन्हें दो नॉमिनेशन मिले थे, जिसमें कुदरत फिल्म का हमें तुमसे प्यार कितना और याराना फिल्म का छूकर मेरे मन को गाना था। कड़े मुकाबले के बाद विजेता अमित कुमार घोषित हुए और किशोर कुमार ने गर्व से अपने बेटे को गले लगा लिया। 1980 के दशक में वे कुमार गौरव, अनिल कपूर और संजय दत्त जैसे युवा कलाकारों की सिग्नेचर आवाज बन गए।

### अमित के पॉपुलर गाने

अमित कुमार के कॅरियर के प्रमुख गीतों की बात करें, तो बड़े अच्छे लगते हैं, तेरी याद आ रही है, एक दो तीन, रोज रोज आंखों तले, उठे सबके कदम, तू रूठा तो मैं मान जाऊंगा, तिरछी टोपीवाले और टिप टिप टिप टिप बारिश जैसे गीत शामिल हैं। 13 अक्टूबर 1987 को किशोर कुमार के आकस्मिक निधन ने पूरी फिल्म इंडस्ट्री को स्तब्ध कर दिया। इसके बाद अमित कुमार ने अपने पिता की अधूरी फिल्म 'ममता की छांव में' (1989) का निर्देशन संभाला और उसे पूरा किया। इसके बाद 4 जनवरी 1994 को उनके मार्गदर्शक आरडी बर्मन भी दुनिया से चले गए। उन्होंने 1990 के मध्य में प्लेबैक सिंगिंग छोड़ दी। उन्होंने अपनी संगीत कंपनी 'कुमार ब्रदर्स म्यूजिक' शुरू की और खुद को स्वतंत्र संगीत तथा विश्वव्यापी लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए समर्पित कर दिया।

## लावारिस कुत्ते और बंदर बने लोगों के लिए आफत, भय का माहौल

# छह माह में 1734 लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

सिटी पल्स

शहर में आवारा कुत्तों और बंदरों की संख्या में हो रही निरंतर बढ़ोतरी से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन काटने की घटनाओं के कारण लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थिति यह है कि महिलाएं और बच्चे अकेले घरों से निकलने में कतराने लगे है। हालांकि नगर परिषद द्वारा बंदर व कुत्तों को पकड़ने का अभियान भी चलाया गया था। लेकिन उसके बावजूद समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्र के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी समस्या गंभीर बनी हुई है।

### जनवरी में सर्वाधिक मामले दर्ज किए

विभागीय आंकड़ों के अनुसार बीते छह माह के दौरान कुत्तों, बंदरों, बिल्लियों तथा अन्य पशुओं के काटने से लोगों के घायल होने के कुल 1734 मामले सामने आए हैं। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों के 1194 तथा शहरी क्षेत्रों के 540 लोग प्रभावित हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में पशु हमलों की घटनाएं शहरी क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक रही। स्थानीय नागरिक अस्पताल में पहुंचे



मामलों में जनवरी में सबसे अधिक 319 मामले दर्ज किए गए, जबकि मई में यह संख्या घटकर 232 रह गई। जून में फिर 289 मामले सामने आए। छह माह के दौरान कुत्तों के काटने के 1,422 मामले दर्ज हुए, जो कुल मामलों का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। इनमें 436 पालतू तथा 986 आवारा कुत्तों के हमले शामिल हैं। इसके बंदरों के काटने के 169, बिल्लियों के 101 तथा अन्य पशुओं के 42 मामले दर्ज किए गए। इन आंकड़ों का देख कर लगता है कि आवारा कुत्ते लोगों के लिए सबसे बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

### बच्चों की सुरक्षा बनी चुनौती



भट्टी गेट निवासी राव दलपत सिंह ने कहा कि आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले आम लोगों व बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रहे हैं। जिला प्रशासन को आवारा पशुओं की संख्या नियंत्रित करने के लिए प्रभावी अभियान चलाना चाहिए। साथ ही लोगों को भी पशुओं के प्रति सतर्क रहने और किसी घटना के बाद तुरंत उपचार लेने के प्रति जागरूक होना होगा।

### नसबंदी व टीकाकरण में तेजी लानी होगी



अंबेडकर चौक निवासी विक्की सैनी ने कहा कि कुत्तों व बंदर के हमले लगातार सामने आ रहे हैं। नगर परिषद द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण कार्यक्रम में तेजी लानी होगी। कुछ समय पहले कुत्तों से संबंधित अभियान भी चलाया गया जिसके बाद अब वह धीमा पड़ गया है। स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों के आसपास विशेष निगरानी की जरूरत है ताकि बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित हो पाए।

### एंटी रेबीज इंजेक्शन या दवा का उचित प्रबंध हो



हरिपुरा मोहल्ला निवासी वेद बहल पाशु ने कहा कि आवारा कुत्तों और बंदरों के बढ़ते हमले लोगों में भय का माहौल पैदा कर रहे हैं। जिला प्रशासन को स्थायी समाधान की दिशा में काम करना चाहिए। अस्पतालों में एंटी-रेबीज इंजेक्शन या दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि पीड़ितों को समय पर उपचार मिल सके।



# विभिन्न विद्यालयों के बारहवीं पास 16 विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

*विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट पाठ्यक्रम अवधि, संभावित कार्यस्थलों और वेतन संबंधी प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए*

प्रतिभा मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों के बारहवीं पास 16 विद्यार्थियों को नई दिल्ली स्थित जीएमआर व वरलक्ष्मी फाउंडेशन के द्वारका सेक्टर-8 का एक्सपोजर विजिट कराया ।

भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कौशल आधारित प्रशिक्षण, रोजगारपरक पाठ्यक्रमों और संस्थान के शैक्षणिक वातावरण से परिचित कराना रहा। विजिट के दौरान विद्यार्थियों ने संस्थान में संचालित विभिन्न स्किल-आधारित पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, कक्षाओं और छात्रावास का अवलोकन किया। फैकल्टी सदस्यों ने प्रवेश प्रक्रिया, पात्रता, प्रशिक्षण पद्धति और रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने प्लेसमेंट, पाठ्यक्रम अवधि, संभावित कार्यस्थलों और वेतन संबंधी प्रश्न पूछे, जिनके उत्तर विशेषज्ञों द्वारा दिए गए।

भ्रमण के दौरान कई विद्यार्थियों ने फूड प्रोडक्शन एंड प्रोसेसिंग, डेटा विजुअलाइजेशन और ब्यूटी थेरेपिस्ट जैसे पाठ्यक्रमों में विशेष रुचि दिखाई। इस मौके पर प्रतिभा मंथन टीम सदस्य आमरीन और श्वेता सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# रि-ओपन शिकायतों के समाधान सुनिश्चित करें अधिकारी: डीसी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

समाधान शिविर जनता की समस्याओं के त्वरित एवं संतोषजनक निवारण के लिए सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान किया जाए, साथ ही रि-ओपन शिकायतों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश डीसी वर्षा खांगवाल ने अभिलेखागार विभाग के आयुक्त एवं सचिव साकेत कुमार से वीसी उपरांत साप्ताहिक समाधान शिविर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। उन्होंने विभागवार प्राप्त शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर ही प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि शिकायत के समाधान के उपरांत एटीआर बिना किसी विलंब के संबंधित पोर्टल एवं कार्यालय को भेजी जाए।

## परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर हो तो प्रपत्र 8 से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने बताया कि एसआईआर अभियान के दौरान निर्वाचन विभाग के संज्ञान में ऐसे कई मामले आए हैं। जिनमें एक ही परिवार के पात्र मतदाताओं के नाम अलग-अलग मतदान केंद्रों पर दर्ज हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित बीएलओ अपने मतदान क्षेत्रों में आने वाले मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई परिवार चाहता है कि भविष्य में उसके सभी पात्र मतदाताओं के नाम एक ही मतदान केंद्र की मतदाता सूची में शामिल हों, तो प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 के प्रकाशन के बाद दावे एवं आपत्तियों की अवधि के दौरान प्रपत्र-8 भरकर मतदान केंद्र परिवर्तन के लिए आवेदन किया जा सकता है।

# तेल के दाम घटाने से मुकर रही सरकार : जयकरण

- क्रूड ऑयल के दाम 120 से घटकर 70 डॉलर प्रति बैरल हो चुके हैं : जयकरण मांडोठी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने 25 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को गांव जाखौदा में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को उसमें शामिल होने का निमंत्रण दिया।

संगठन के प्रदेश सचिव जयकरण मांडौठी व जिला कमेटी सदस्य रामकिशन ने बताया कि क्रूड ऑयल के दाम 120 डॉलर प्रति बैरल से घटकर 70 डॉलर प्रति बैरल हो गए हैं, परन्तु सरकार डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस के दाम कम करने से साफ इंकार कर रही है। पहले से ही आर्थिक रूप से पिछड़े मेहनतकश लोगों पर बहुत ज्यादा महंगाई का बोझ है। सरकार ने अमेरिका-ईरान युद्ध के नाम से यह बढ़ोतरी की थी। अब युद्ध विराम हो चुका है और क्रूड ऑयल सस्ता हो चुका है, तो दाम घटाने ही चाहिएं। गांव के मंजीत सिंह, नफे सिंह, धर्म सिंह, बाला, कपूर सिंह, सुरेश, जगबीर, जगजीत सिंह, मंजीत दलाल, कर्ण सिंह, अजीत व उकेश आदि ने हर तरह की मदद का भरोसा दिया। महापंचायत में एमएसपी, किसानों व मजदूरों के कर्ज, भारत-अमेरिका के मुक्त व्यापार समझौते, बुढ़ापा पेंशन बढ़ाने, बर्बाद फसलों के मुआवजे, रोजगार व मनरेगा आदि मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया जाएगा।




बहादुरगढ़। ग्रामीणों को निमंत्रण देते जयकरण मांडोठी। फोटो : हरिभूमि

## प्रत्येक वोटर से प्राप्त गणना प्रपत्र का डिजिटलाइजेशन जरूरी : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

**एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं**

जिले में गणना प्रपत्रों के संग्रहण और डिजिटलाइजेशन का कार्य प्रगति पर है। इस कार्य को और गति प्रदान करने में राजनीतिक दलों का सहयोग बहुत जरूरी है। एसआईआर कार्य में एएसडी वोटर की पहचान सुनिश्चित करने में सभी बीएलओ सहयोग करें। यह बात डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की समीक्षा करते हुए कही। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र के वितरण और संग्रहण कार्य के दौरान एएसडी लिस्ट का डाटाबेस तैयार किया जाए, जरूरत अनुरूप राजनीतिक दलों से जानकारी सांझा करते हुए एसआईआर की प्रगति से अवगत कराया जाए, ताकि एएसडी वोटर तक पहुंच सुनिश्चित हो सके। उन्होंने एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी जांच एवं सत्यापन के उपरांत ही एसआईआर की प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं।

## खड़े ट्रक से टकराई बाइक 20 साल के युवक की मौत



**रोहतक।** मकड़ौली टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में बाइक टकराने से 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गांव सांघी निवासी 20 वर्षीय तरुण के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तरुण बाइक पर कहीं जा रहा था। जब वह मकड़ौली टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। परिजनों के अनुसार तरुण परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी का कहना है कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा व पुनर्वास सेवाओं की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर

- हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष ने बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े संस्थानों का निरीक्षण किया



**झज्जर।** निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण। फोटो : हरिभूमि

शुक्रवार को हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष तृप्ति श्योराण ने जिले का दौरा कर बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बच्चों एवं महिलाओं से संबंधित सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने बाल भवन में बाल कल्याण समिति एवं किशोर न्याय बोर्ड की कार्यप्रणाली की समीक्षा की।

उन्होंने बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण संबंधी प्रकरणों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप संवेदनशील एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरपुर पहुंचकर वहां उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली तथा नवजात शिशु देखभाल इकाई, प्रसूति कक्ष, ओपीडी सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

### उमंग जगन्नाथ आश्रम पहुंची

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल में स्वच्छता, बेहतर प्रबंधन और बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बहादुरगढ़ स्थित उमंग जगन्नाथ आश्रम का भी निरीक्षण किया।

## बालचंद चौक स्थित एक कार्यालय में चोरी, तीन के खिलाफ केस दर्ज

**रोहतक।** बालचंद चौक स्थित एक कार्यालय में चोरी के मामले में शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने नामजद समेत तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर किया है। सुनारियां कलां निवासी शिकायतकर्ता प्रवेश ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह कर्मचारियों ने सूचना दी कि रात में कार्यालय से दो मोबाइल फोन और 15 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 2:40 बजे कार सवार तीन युवक कार्यालय में घुसकर चोरी करते दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान अनिल उर्फ विजय उर्फ विक्की उर्फ छोटा निवासी सरगथल, जिला सोनीपत के रूप में हुई है, जो पहले भी कार्यालय में आ चुका है।

# पूर्व बार प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

**अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रथम दृष्टया आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और निष्पक्ष व प्रभावी जांच के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है**

जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट उर्फ जोजो को कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में बड़ा कानूनी झटका लगा है।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रोहतक ने थाना आर्य नगर में दर्ज एफआईआर में दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रथमदृष्टया आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और निष्पक्ष व प्रभावी जांच के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। मामला जिला बार एसोसिएशन के फंड में कथित वित्तीय अनियमितताओं, गबन और रिकॉर्ड में हेराफेरी से जुड़ा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले की जांच अभी प्रारंभिक और महत्वपूर्ण चरण में है।अभियोजन पक्ष के अनुसार कई अहम दस्तावेजों की बरामदगी, वित्तीय लेन-देन की जांच तथा कथित धन के प्रवाह का पता लगाया जाना अभी बाकी है। ऐसे में जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।अदालत ने यह भी माना कि मामले की गंभीरता और जांच की आवश्यकताओं को देखते हुए अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। इसी आधार पर लोकेंद्र फौगाट उर्फ जोजो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

**सूचना**

मैं, निर्मला पत्नी श्री छोटे लाल निवासी मकान नंबर 620/2, गली नंबर-7, न्यू पटेल पार्क, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री सपना पत्नी श्री अमित निवासी मकान नंबर 620/2, गली नंबर-7, न्यू पटेल पार्क, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र श्री चेत राम निवासी मकान नंबर 409/4, फ्रैण्ड्स कालोनी, लाईनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कुनाल और मेरी पुत्रवधु प्रियंका को मेरे कहने-सुनने से बाहर होने के कारण मैंने दिनांक 01.02.2021 को अपनी तमाम चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया था। अब ये दोनों मेरे कहे अनुसार काम करते हैं। इसलिए मैं अपनी बेदखली को वापिस लेता हूं। अब उपरोक्त दोनों मेरी चल अचल सम्पति में शामिल रहेंगे।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़।**
**नोटिस आम जनता**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति लक्ष्मी (पत्नी), धर्मबीर (पुत्र), कर्मबीर (पुत्र), दिनेश (पुत्र) व आरती (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी श्री मान सिंह निवासी झील मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा Online NDC Portal Property ID No. 3B3PA108 Word No. 15 कॉलोनी झील मोहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ Property Tax रिकार्ड में मान सिंह के नाम दर्ज है मान सिंह की मृत्यु उपरान्त अब नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में उक्त ID No. पर प्रार्थी के द्वारा वारसान प्रमाण पत्र के आधार पर अपना नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान प्रमाण पत्र तहसीलदार बहादुरगढ़ द्वारा तसदीक/तसदीक नहीं की गई है।

अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति नं. 3B3PA108 वार्ड नंबर 15 कॉलोनी झील मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त सम्पति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सबूत सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर वह सम्पति 3B3PA108/74 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमति लक्ष्मी (पत्नी), धर्मबीर (पुत्र), कर्मबीर (पुत्र), दिनेश (पुत्र) व आरती (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी श्री मान सिंह के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ कि जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद, बहादुरगढ़**

## जिले में रफ्तार पकड़ने लगी धान की रोपाई और बिजाई

# 15 हजार हेक्टेयर में धान लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़

उपमंडल क्षेत्र में धान की खेती का कार्य अब गति पकड़ने लगा है। कृषि विभाग के अनुसार किसानों ने धान की रोपाई और सीधी बिजाई का कार्य तेजी से शुरू कर दिया है। विभाग द्वारा किसानों को समय पर तकनीकी सलाह भी दी जा रही है ताकि बेहतर उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

बता दें कि इस वर्ष खरीफ सीजन में उपमंडल में धान की खेती का लक्ष्य 15 हजार हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। अब तक करीब 2000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की रोपाई तथा 2112 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की सीधी बिजाई की जा चुकी है। पानी की बचत और लागत कम करने के उद्देश्य से किसानों को धान की सीधी बिजाई (डीएसआर) तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यह तकनीक कम पानी में बेहतर उत्पादन देने में सहायक साबित हो रही है। उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. सुनील कौशिक ने किसानों से विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने और मौसम को ध्यान में रखते हुए धान की खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में धान की रोपाई और बिजाई का रकबा तेजी से बढ़ेगा और निर्धारित लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर लिया जाएगा।



**इस साल फसलों के लक्ष्य :** बहादुरगढ़ उपमंडल में इस बार 15 हजार हेक्टेयर में धान रोपाई का लक्ष्य रखा गया है। जबकि बाजरा 10 हजार हेक्टेयर, ज्वार एक हजार हेक्टेयर, दलहन 200 हेक्टेयर, गन्ना 500 हेक्टेयर और कपास 2 हजार हेक्टेयर में बोने का लक्ष्य कृषि विभाग ने रखा है।

### 4 हजार हेक्टेयर में रोपाई



कृषि विभाग के तकनीकी सहायक डॉ. सुनील राणा ने बताया कि धान की रोपाई का कार्य रफ्तार पकड़ रहा है। अब तक करीब 4 हजार हेक्टेयर से अधिक रकबे में धान बोया जा चुका है। इस बार करीब 15 हजार हेक्टेयर में धान की फसल लगने की संभावना है। विभाग की टीमें लगातार गांवों का दौरा कर किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा फसल संरक्षण संबंधी जानकारी उपलब्ध करा रही हैं।

## देश के अन्नदाता को मजबूत करने के लिए सरकार प्रयासरत: जसबीर



**बहादुरगढ़।** भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी की अगुवाई में हरिद्वार में किसान महाकुंभ का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सैनी सभा हरियाणा के अध्यक्ष जसबीर सेनी ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजकुमार सैनी, राज्यमंत्री श्यामबीर सैनी, केबिनेट मंत्री हरीश बत्रा, किसान नेता वीरेंद्र सैनी ने किसानों के हित में आवाज उठाई। जसबीर ने कहा कि देश के अन्नदाता को मजबूत करने के लिए सरकार प्रयासरत है। बहादुरगढ़ से प्रवीण छिल्लर, चिंटू, राजपाल, मुकेश, हरीश व नीरज आदि भी हरिद्वार गए।

सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने का किया आह्वान

# प्लास्टिक छोड़िए, बाजार में कपड़े या जूट के बैग लेकर जाइये: डीसी

**अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर डीसी और एसडीएम ने बांटे जूट के बैग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सब्जी मंडी परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पर्यावरण संरक्षण समिति की अध्यक्ष एवं जिला उपायुक्त वर्षा खांगवाल ने नागरिकों, व्यापारियों और मंडी में खरीदारी करने आए लोगों को जूट के बैग वितरित कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने का आह्वान किया। एसडीएम अभिनव सिवाच भी उनके साथ मौजूद रहे।

डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि प्लास्टिक बैग पर्यावरण, जल स्त्रोतों, भूमि और वन्य जीवों के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। प्लास्टिक का बढ़ता उपयोग प्रदूषण फैलाने के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। समय की मांग है कि प्रत्येक नागरिक सिंगल यूज प्लास्टिक का विकल्प अपनाए। कपड़े, जूट तथा अन्य पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बने बैग का उपयोग करें। एसडीएम अभिनव सिवाच ने लोगों से खरीदारी के लिए जाते समय घर से ही कपड़े या जूट का थैला लेकर निकलने की अपील की। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। व्यापारी भी ग्राहकों को प्लास्टिक बैग उपलब्ध कराने के बजाय पर्यावरण हितैषी विकल्पों को बढ़ावा दें।

उन्होंने प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसान, पर्यावरण संरक्षण के उपाय तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के सुरक्षित विकल्पों की जानकारी दी। सभी को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।



बहादुरगढ़। सब्जी मंडी में नागरिकों को जूट के बैग वितरित करती डीसी वर्षा खांगवाल। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। पार्षदों व अन्य नागरिकों को जूट के बैग देते एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो: हरिभूमि

**पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का लिया संकल्प**

इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, नरेश भारद्वाज, डॉ. अजय जैन, प्रदीप रेढ़ू, वजीर सिंह दहिया, ईओ संजय रोहिल्ला, पार्षद सत्यप्रकाश छिकारा, हरिमोहन धाकरे, अशोक शर्मा, प्रवीण छिल्लर, प्रवीण सोनू, राजेश मकड़ोली, अनिल सिंगल, प्रदीप तहलान, जयभगवान गुलिया, संजय सैनी, कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग, संयुक्त सचिव सुरेंद्र वशिष्ठ, सचिन दलाल, सुनील गर्ग, नरेंद्र सिंगला, रिंकी कपूर, राजेश गर्ग, मनीष कपूर, अशोक यादव, सुनील शर्मा, सुशील जैन, गजेंद्र यादव, नरेश बंसल, मनोज सिंघल व पवन जैन सहित नागरिकों ने दैनिक जीवन में प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

# पौधरोपण कर यादव महासभा ने मनाया स्वास्थ्य मंत्री का जन्मदिन

- पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, श्रमिकों व उनके परिजनों में बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के जन्मदिन के अवसर पर यादव महासभा द्वारा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों एवं उनके परिजनों के बीच मिठाइयों का वितरण कर जन्मदिन की खुशियां भी साझा की गईं। यादव महासभा के प्रधान राम अवतार यादव ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण और लगातार घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए पौधरोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है।

प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना की।



झज्जर। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रामअवतार यादव।

## आईआईएसईआर में पेस के दो विद्यार्थियों ने पाई सफलता

**झज्जर।** देश की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रवेश परीक्षा आईआईएसईआर एप्टीट्यूड टेस्ट के परिणामों में पेस संस्थान के छात्र सचिन ने 1482वीं रैंक हासिल कर संस्थान व जिले का नाम रोशन किया है। पेस ग्रुप निदेशक जय विकास ने बताया कि नीट ड्रॉपर बैच के छात्र सचिन के अलावा छात्रा चेष्टा ने भी अखिल भारतीय 2923वीं रैंक प्राप्त कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि आईआईएसईआर जैसी देश की सबसे कठिन एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक प्रवेश परीक्षाओं में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त करना विद्यार्थियों की लगन, अभिभावकों के विश्वास और पेस परिवार के समर्पित शिक्षकों के अथक परिश्रम का परिणाम है। इस उपलब्धि पर पेस ग्रुप के अध्यक्ष युद्धवीर, प्रबंध निदेशक हरीश, संदीप, सुमित चावला व अश्वनी ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। होनहार छात्रा चेष्टा के साथ विजय चिन्ह बनाते हुए निदेशक जय विकास। फोटो: हरिभूमि

# एपीसीपीएल को मिला ईईएफ ग्लोबल सेफ्टी का गोल्ड श्रेणी का सम्मान




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान सम्मान प्राप्त करते हुए एपीसीपीएल के पदाधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एपीसीपीएल पावर प्लांट झाड़ली को कार्यस्थल सुरक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 16वें ईईएफ ग्लोबल सेफ्टी अवार्ड्स में गोल्ड श्रेणी का सम्मान मिला है। यह सम्मान कंपनी को वर्ष 2019 से लगातार शून्य दुर्घटना मृत्यु रिकॉर्ड बनाए रखने, मजबूत सुरक्षा संस्कृति विकसित करने और डिजिटल सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदान किया गया है।

यह पहली बार है जब एपीसीपीएल को ऊर्जा एवं पर्यावरण फाउंडेशन द्वारा यह सम्मान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि सुरक्षा, जिम्मेदार कार्यप्रणाली और सतत विकास के प्रति कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह पुरस्कार नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 16वें ग्लोबल सेफ्टी अवॉर्ड्स समारोह में प्रदान किया गया।

# वन टाइम सेटलमेंट स्कीम को लेकर किया जागरूक

**फुटवियर पार्क में उद्योगपतियों ने जाना प्री-जीएसटी मामलों के निपटान का तरीका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फुटवियर पार्क में वन टाइम सेटलमेंट स्कीम फॉर प्री-जीएसटी लॉज विषय पर जागरूकता एवं चर्चा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उद्योगपतियों को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई तथा प्री-जीएसटी कर मामलों से जुड़े सवालों का समाधान किया गया।

बैठक में झज्जर के जीएसटी कमिश्नर अजय कंसल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ ईटीओ विजय भाटिया तथा एक्साइज एवं कराधान विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे। विभागीय अधिकारियों ने ओटीएस–2026 योजना के प्रावधानों, पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। उद्योग प्रतिनिधियों ने योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सवाल पूछे, जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना प्री-जीएसटी कानूनों से संबंधित लंबित मामलों के निपटारे का महत्वपूर्ण अवसर है। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष सुभाष जग्गा, विकास आनंद सोनी, मनोज सिंघल, पवन जैन, दर्शन सिंह, सीए अखिल मित्तल, अजय खट्टर, केके सेठ, प्रयाग अग्रवाल, कंवर भान, नवीन मल्होत्रा, रविंद्र और संजय नारंग आदि मौजूद रहे। फुटवियर पार्क एसोसिएशन ने एक्साइज एवं कराधान विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।




बहादुरगढ़। एक्साइज एवं टैक्सेशन अधिकारियों के साथ उद्यमी। फोटो: हरिभूमि

## तबीयत बिगड़ने से 2 लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** नागरिक अस्पताल के निकट तबीयत बिगड़ने से 2 लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। एक मृतक की पहचान 32 वर्षीय भरत के रूप में हुई है। बिहार मूल का भरत यहां महावीर पार्क में रहता था और शेटरिंग का काम करता था। गत 30 जून को वह काम करके लाइनपार से लौट रहा था। जब नागरिक अस्पताल के पास पहुंचा तो तबीयत बिगड़ गई और गिर गया। अस्पताल में लेकर गए तो उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की।

पहचान के प्रयास शुरू किए। अब परिजन बहादुरगढ़ पहुंचे तो शुक्रवार को पोस्टमार्टम करा दिया। भरत 2 बच्चों का पिता था। दूसरा मामला भी यहीं का है। तीन दिन पहले यहां बर्फ फैक्ट्री के बाहर मृत अवस्था में एक युवक मिला था। जिसकी अब पहचान 28 वर्षीय मिथलेश के रूप में हुई है। बिहार के छपरा जिले का रहने वाला था। वह घर से बिना बताए निकला था। पुलिस लगातार उसकी पहचान के प्रयास कर रही थी। इसी दौरान परिजन तलाश करते हुए थाने तक पहुंचे तो पहचान संभव हो सकी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की है।



बहादुरगढ़। चालकों को नियमों के प्रति जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार। फोटो: हरिभूमि

## ऑटो चालकों को नियमों के प्रति किया जागरूक

**नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया**

**बहादुरगढ़।** यातायात प्रभारी सतीश कुमार ने ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे ऑटो चालकों को यातायात नियमों व नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान ऑटो चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, यातायात संकेतों का सम्मान करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही बताया गया कि यातायात नियमों का पालन कर न केवल स्वयं की बल्कि अन्य लोगों की जान भी सुरक्षित रखी जा सकती है। झज्जर पुलिस ने सभी वाहन चालकों से सुरक्षित व जिम्मेदारीपूर्वक वाहन चलाने की अपील की।

# यशवर्धन के शतक की बदौलत झज्जर पांच विकेट से जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पटौदी ट्रॉफी के तहत बहादुरगढ़ के सेक्टर-9ए में स्थित झज्जर क्रिकेट ग्राउंड में जिले की टीम ने अपने दूसरे मैच में शानदार प्रदर्शन किया। झज्जर की टीम ने जींद पर 5 विकेट से जीत दर्ज की। अब अगला मुकाबला शनिवार को सोनीपत के साथ होगा।

टॉस के बाद बल्लेबाजी करने उतरी जींद की टीम ने निर्धारित 50 ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए 336 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से खेलते हुए विकेट कीपर बल्लेबाज लक्ष्य मलिक ने ताबड़तोड़ 150 गेंदों पर 206 रनों की दोहरी शतकीय पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झज्जर की टीम की शुरुआत सधी हुई। कप्तान लक्ष्य दलाल ने 33 रनों की पारी खेली। जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज यशवर्धन दलाल ने 86 गेंदों में 137 रन बनाए। अपनी पारी में उन्होंने 12 छक्के और 10 चौके लगाए। अंत में सामंत जाखड़ ने 9 गेंदों पर 27 रनों की आकर्षक पारी खेली। जिसकी बदौलत झज्जर ने 41.1 ओवर में 338 रन बनाकर जीत दर्ज की। झज्जर की तरफ से बॉलिंग करते हुए सम्मी कादियान ने 5 विकेट झटके। अब झज्जर का मुकाबला 4 जुलाई को सोनीपत, 6 जुलाई को पानीपत, 7 जुलाई को हिसार के साथ होगा।



बहादुरगढ़। मैच में शतक लगाने वाले यशवर्धन दलाल व 5 विकेट लेने वाले शम्मी कादियान। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## ड्रेन नंबर आठ से महिला का शव बरामद, शिनाख्त नहीं

**झज्जर।** क्षेत्र के सिलानी गांव से बाबरा के कच्चे रास्ते पर स्थित ड्रेन नंबर-आठ में एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा लोगों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मामले के जांच अधिकारी प्रवीन ने बताया कि प्राथमिक जांच के आधार पर महिला स्थानीय क्षेत्र की प्रतीत होती है। शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं। फिलहाल शव को शिनाख्त के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शवगृह में आगामी 72 घंटों के लिए सुरक्षित रखवाया गया है।

बहादुरगढ़ आईटीआई में अलग-अलग 22 ट्रेड की 648 सीटों पर होने हैं एडमिशन

# आईटीआई में 15 तक ट्रेड चॉइस फिलिंग पूरी करें अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 30 जून को समाप्त होने के बाद अब आगामी शैक्षणिक सत्र के दाखिले के लिए ट्रेड चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थी 3 जुलाई से 15 जुलाई तक ऑनलाइन माध्यम से अपनी पसंद के ट्रेड और संस्थान का चयन कर सकेंगे।

बता दें कि राजकीय आईटीआई बहादुरगढ़ में अलग-अलग 22 ट्रेड की करीब 648 सीटों पर दाखिला के लिए आवेदन प्रक्रिया दो जून से शुरू हुई थी। छात्रों को पहले 15 जून तक आवेदन का मौका दिया गया था, लेकिन फिर हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण निदेशालय की ओर से बढ़ाकर 30 जून तक कर दिया गया था। जिन विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, वे 15 जुलाई तक अपनी पसंद की ट्रेड भर सकेंगे। प्रिंसिपल गीता आर सिंह ने सभी अभ्यर्थियों से समय रहते ट्रेड चॉइस भरने की अपील की है। ट्रेड चॉइस के आधार पर ही मेरिट और सीट आवंटन की आगामी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।



बहादुरगढ़। प्रक्रिया की जानकारी देती प्रिंसिपल गीता आर सिंह व नोडन अधिकारी उमा शर्मा।

**समय पर प्रक्रिया पूरी करें : प्रिंसिपल**

प्रिंसिपल गीता आर सिंह का कहना है कि अंतिम तिथि का इंतजार करने की बजाय समय पर प्रक्रिया पूरी करें ताकि असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया है कि सीटों का आवंटन अभ्यर्थियों की मेरिट, आरक्षण नियमों और उनके द्वारा भरी गई ट्रेड व संस्थान की प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाएगा। इसके बाद चयनित अभ्यर्थियों को संबंधित आईटीआई में दस्तावेज सत्यापन और प्रवेश की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

**होने हैं ये दाखिले**

आईटीआई में एडमिशन के लिए नोडल अधिकारी उमा शर्मा ने बताया कि कारपेंटर (24), कंप्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (एनसीवीटी 48 और एससीवीटी 24), इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक (48), रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनर मैकेनिक (48), मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक एप्लायंसिस (24), मैकेनिक डीजल (24 और ड्यूअल 20), पलम्बर (24 और ड्यूअल 24), स्टेनोग्राफी हिंदी (24), स्टेनोग्राफी इंग्लिश (24), टर्नर (20), ड्राफ्ट्समैन सिविल (24), इलेक्ट्रीशियन (एनसीवीटी 60 और एससीवीटी 20), पेंटर (20), मशीनिस्ट (20), मैकेनिक मोटर व्हीकल (24), वेल्डर (40), फिटर (40) और फूड प्रॉडक्शन (24) में दाखिले होने हैं।